IJARSCT

ISSN (Online) 2581-9429

International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology (IJARSCT)

International Open-Access, Double-Blind, Peer-Reviewed, Refereed, Multidisciplinary Online Journal

Impact Factor: 7.53

Volume 4, Issue 1, June 2024

मानव संसाधन कल्याण एवं कार्मिक प्रबंधन केन्द्रित राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना: विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ.प्रशांत कुमार

सहआचार्य-व्यावसायिक प्रशासन विभाग

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू (राजस्थान)

शोध सार

प्रस्तुत शोध-पत्र में मानव संसाधन अथवा कार्मिक कल्याण की दृष्टि से राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना, प्रारंभ वर्ष 2021 का समग्रता से अवलोकन किया जाकर व्यवहारिक समस्याओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है। प्रस्तुत शोधपत्र के लिए मुख्यतः द्वितीयक समंको एवं सीमित मात्रा में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रारंभिक साक्षात्कार विधि का प्रयोग किया गया है। शोध अध्ययन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सीजीएचएस सरकारी प्रकाशन, विविध आर्थिक एवं मासिक पत्रिकाओं एवं सरकारी, गैर सरकारी वेबसाइटस पर उपलब्ध सामग्री का समावेश किया गया है। शोधपत्र वर्णनात्मक एवं व्याख्यात्मक स्वरूप में लिखा गया है। शोधपत्र का प्रमुख उद्देश्य राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना की कार्य प्रणाली का समग्रता से अध्ययन एवं परिणामों का मूल्यांकन कर कार्यकुशलता में वृद्धि का स्वरूप प्रस्तुत करना है। शोध अध्ययन हेतु द्वितीयक समंको को प्रमुख आधार बनाया गया है। विश्लेषण के आधार पर मानव संसाधन अथवा कार्मिक कल्याण प्रबंधन केन्द्रित राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना के वर्तमान स्वरूप एवं कार्यप्रणाली को अधिक व्यवहारिक बनाये जाने की आवश्यकता है।

मुख्य शब्द: कार्मिक, बीमा, वित्त, दावा, प्रशासन, अपील, अनुमोदन , निस्तारण, प्राधिकार।